# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**15 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- आपदा में जान गंवाने वाले एक सौ ग्यारह लोगों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगी प्रदेश सरकार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारियों को प्रभावित परिवारों तक अविलम्ब सहायता पहुंचाने का दिया निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने ईंधन की बचत के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और सार्वजनिक परिवहन को अपनाने की अपील की। कहा–संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए।
- गाजियाबाद में एनडीआरएफ के 'राष्ट्रपति निशान अलंकरण' कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह। सात क्षेत्रीय रिस्पांस सेंटर का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- प्रदेश में आज से शुष्क रहेगा मौसम। लू चलने का येलो अलर्ट भी जारी।

**********

प्रदेश में तेज आंधी–तूफान, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं से हुई जन–धन की हानि को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट –

**मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित लोगों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और हर जरूरतमंद तक त्वरित सहायता पहुंचाई जाएगी।**

**उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित परिवारों तक अविलम्ब राहत सहायता पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने आपदा में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को अनुमन्य चार–चार लाख रुपये की राहत राशि तत्काल वितरित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त पशुहानि से प्रभावित लोगों को भी नियमानुसार सहायता प्रदान करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने राहत आयुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम को चौबीसों घंटे सक्रिय रखते हुए राहत एवं सहायता कार्यों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश भी दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार प्रदेश के 26 जनपदों में खराब मौसम के कारण आँधी–तूफान, ओलावृष्टि तथा आकाशीय बिजली की घटनाएँ दर्ज की गई हैं। इनमें 111 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि 72 लोग घायल हुए हैं। सबसे अधिक जनहानि प्रयागराज में हुई है, जहाँ 21 लोगों की मृत्यु हुई। इसके बाद मिर्जापुर में 19, संत रविदास नगर में 16 और फतेहपुर में 11 लोगों की जान गई है। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से ईधन की बचत की अपील के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ईंधन की बचत के लिए नवीकरणीय उर्जा, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और कार पूलिंग के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया है। लखनऊ में एक निजी मीडिया संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र के साथ खड़ा होकर अपना योगदान दे।

**अगर, आपके घर से ऑफिस जाने के लिए या अपने प्रतिष्ठान में जाने के लिए वह सुविधा है, हम उसका उपयोग करें तो यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य भी बनता है कि हम इस कार्य को करते हैं तो यह भी हमारी राष्ट्र के प्रति हमारा एक योगदान होगा कि संकट के समय हम भी इस आह्वान के साथ जुड़ कर के देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे।**

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सात हजार सात सौ से अधिक गो आश्रयस्थलों में संरक्षित पन्द्रह लाख से अधिक गोवंश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस प्लांट आधारित सामूहिक किचन मॉडल विकसित करने पर विशेष जोर दिया ताकि एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके।

इस बीच, देश के कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सात अपीलों के मद्देनजर अपने संबंधित मंत्रालयों और विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अपील के अनुरूप मंत्रालय स्तर पर एक वर्ष तक सोने की खरीद न करने का निर्णय लिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन बचत की अपील और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल का असर दिखने लगा है। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से प्रभावित होकर लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रोफेसर राधा कृष्ण धीमन ने अपने आवास से कार्यालय तक साइकिल चलाकर पहुंचे। वहीं अयोध्या नगर निगम ने फैसला लिया कि अब सप्ताह में प्रत्येक सोमवार को महापौर, पार्षद और अधिकारी पब्लिक ट्रांसपोर्ट और कार पूलिंग के जरिए नगर निगम कार्यालय पहुंचेंगे। इस बीच, कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने भी सार्वजनिक परिवहन और ई–वाहनों के उपयोग किए जाने और विश्वविद्यालय की बैठकों को अधिक से अधिक ऑनलाइन आयोजित करने का निर्देश दिया है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने भी परिषद की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भ्रमण के समस्त कार्यक्रमों को अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया है।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में कच्चे तेल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर अंतर–मंत्रालयी प्रेसवार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल कहा कि घरेलू एल.पी.जी. की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

**भारत सरकार ने कई इफेक्टिव स्टेप्स लिए हैं जिसके चलते हमारे पास पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और नेचुरल गैस के पर्याप्त स्टॉक्स अवेलेबल हैं। हमारी रिफाईनरीज ऑप्टिमम कैपेसिटी पर ऑपरेट कर रही हैं और एलपीजी प्रोडक्शन भी इंक्रीज किया जा चुका है। हमारे किसी भी रिटेल आउटलेट पर और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर कोई ड्रायआउट रिपोर्टेड नहीं है, सब जगह पर नॉर्मल ऑपरेशन चल रहे हैं।**

**********

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल गाजियाबाद स्थित आठवीं एनडीआरएफ बटालियन में 'राष्ट्रपति निशान अलंकरण कार्यक्रम' में हिस्सा लिया। इस दौरान अपने सम्बोधन में गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दो हजार चौदह से न केवल जोखिम को न्यूनतम करने के लिए कार्य किया गया, बल्कि प्राकृतिक आपदा को कम करके उससे निपटने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि एनडीआरएफ ने बीते दो दशक के कम समय में ही देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों का विश्वास जीता है।

**देश भर में कहीं पर भी जाते हैं। आपदा सेवा सदैव सर्वत्र इस घोष वाक्य के साथ काम करते हुए एनडीआरएफ के जवानों के प्रति न केवल समग्र देश जहां–जहां दुनिया में गए वहां आपने प्यार भी अर्जित किया है और लोगों का भरोसा भी अर्जित किया।**

कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने वीर जवानों को प्रेसिडेंट्स कलर अवार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने छह रीजनल रिस्पांस सेंटर का ई–शिलान्यास और एक रीजनल रिस्पांस सेंटर का ई–लोकार्पण भी किया।

**********

प्रदेश में स्वदेशी दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आगरा में कल 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम थीम पर 'डेयरी कॉनक्लेव दो हजार छब्बीस' का आयोजन किया गया। प्रदेश के पशुधन और दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कॉनक्लेव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि निराश्रित गोवंश सरकार की प्राथमिकता हैं ।

**निराशित गौवंश योगी सरकार की प्राथमिकता है और इसको उत्तर प्रदेश में हम सभी गौशालाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने का काम कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन उत्तर प्रदेश में देश में उत्तर प्रदेश नंबर वन है और भारत का हिस्सा उत्तर प्रदेश में दूध का सबसे अच्छा है। हम दुग्ध महोत्सव के माध्यम से पशुपालकों को दुग्ध समितियों को मजबूत करते हुए महीने के अंदर ही हम दुग्ध उत्पादकों का भुगतान कराने का काम करेंगे और ऐसी अनेक योजनाएं हैं जिसमें दुग्ध उत्पादन की बढ़ोतरी हो।**

**********

मौसम विभाग ने आज से अठारह मई तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जतायी है। विभाग ने इस अवधि में दिन के समय कहीं कहीं लू चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। साथ ही अगले एक सप्ताह के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की, जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी गयी है।

**********